भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 1736#
गुरूवार, 13 मार्च, 2025/22 फाल्गुन, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

भारत रणभूमि दर्शन

1736# सुश्री इंदु बाला गोस्वामी:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारत रणभूमि दर्शन ऐप के उद्देश्य क्या हैं;

(ख) उक्त ऐप के शुभारंभ, विकास और रखरखाव के लिए कुल कितना बजट आवंटित किया गया है; और

(ग) क्या हिमाचल प्रदेश में रणभूमि पर्यटन पहल का विस्तार करके इसमें महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थलों को शामिल करने की कोई योजना है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): शौर्य गाथाओं और शौर्य गंतव्य स्थलों को प्रदर्शित करने और बढ़ावा देने के लिए रणभूमि ऐप और भारत रणभूमि दर्शन पहल (https://bharatranbhoomidarshan.gov.in) की शुरूआत की गई है, जो भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता और बलिदान का स्मरण कराते हैं। ये स्थल देश भर में ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थित हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को भारत के सैन्य इतिहास की गौरवशाली विरासत से जोड़ना और देशभक्तिपूर्ण पर्यटन को बढ़ावा देना है।

(ख): समर्पित टीम द्वारा एक वर्ष तक 24*7 सहायता के साथ एनआईसी क्लाउड पर होस्टिंग, साइबर हार्डनिग, साइट लॉन्चिंग, कंटेंट क्रिएशन और विकास के लिए 30 लाख रु (लगभग) खर्च किए गए हैं।

(ग): विद्वानों और विशेषज्ञों के सहयोग से देश भर के और अधिक ऐतिहासिक स्थलों को शामिल करने पर विचार किया जा रहा है।

****